प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 08.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

....

- प्रदेश में कई स्थानों पर भारी बरसात से जनजीवन प्रभावित–आज भी कुछ जगह तेज बारिश का अलर्ट।
- उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा –जयपुर आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए विरासत संरक्षण के साथ विकास कार्य किये जाये।
- आरपीएससी ने वन टाइम रजिस्ट्रेशन में किया बदलाव–अभ्यर्थी को वेबकैम से करनी होगी लाइव फोटो कैप्चर।
- अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस आज–हो रहे है कई जागरूकता कार्यक्रम।

....

प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम तो कई जगह भारी बरसात का सिलसिला जारी है। राजधानी जयपुर में कल से ही रूक–रूक कर कभी तेज तो कभी हल्की बरसात की झडी लगी हुई है। कोटपूतली बहरोड में लगातार हो रही बारिश से निचले इलाकों में पानी भर गया है। इससे जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। सलूंबर में नदी नाले उफान पर हैं। सरणी नदी मे पानी का बहाव तेज हो गया है। वही सेरिंग तालाब पर भी तेज चादर चल रही है। टोंक और हनुमानगढ़ में आज सुबह से ही बारिश हो रही है। सवाईमाधोपुर में बनास, मोरेल और गलवा नदी सहित अन्य नदी नाले उफान पर होने से कई मार्गो पर यातायात बाधित हो गया है। करौली में गंभीर नदी के बहाव क्षेत्र में आने वाले हिंडौन गंगापुर मार्ग की कटकड़ की पुलिया पर पानी चलने के कारण आवागमन बंद हो गया है। केकडी में डाई नदी उफान पर है जिसके चलते लसाडिया बांध पर चादर चल रही है। जयपुर केकडी स्टेट हाईवे पर नदी की रपट पर पानी बहने से आवागमन ठप हो गया है। भरतपुर में जलस्त्रोतो में अच्छी आवक हुई है। कई बांध ओवर फ्लो हो रहे है। बारैठा बांध का जलस्तर भराव क्षमता से ऊपर पहुंच गया है। बांध के तीन गेटों को खोलकर पानी निकासी की जा रही है।

....

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में दो–तीन दिन मध्यम और कहीं–कहीं भारी बरसात की संभावना है।

....

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने जयपुर आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए यहां की विरासत के संरक्षण के साथ विकास कार्य करने के निर्देश दिए है। कल जयपुर में इस संबंध में उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में नगरीय विकास विभाग के प्रमुख सचिव वैभव गालरिया, मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक पवन कुमार उपाध्याय, पर्यटन विभाग के शासन सचिव रवि जैन, जेडीसी आनंदी, जयपुर जिला कलेक्टर जीतेन्द्र कुमार सोनी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने बजट में जयपुर शहर की चार दिवारी मेंं हेरिटेज संरक्षण और विकास के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। उन्होंने कचरा निस्तारण और शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। दीया कुमारी ने कहा कि विरासत संग्रहालय (राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट) को इस तरह विकसित किया जाए कि यहां पर कलाकार और शिल्पी अपनी कलाओं का प्रदर्शन कर सके और अपने उत्पादों को बेच सके। बैठक में जल महल की पाल के सौंदर्यकरण, वाटर लेजर शो और बोटिंग की संभावनाओं पर चर्चा की गई।

....

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन इस महीने की 15 तारीख़ तक किए जा सकेंगे। महिला और बाल विकास मंत्रालय हर साल जनवरी में इस पुरस्कार का आयोजन करता है। विजेताओं

की घोषणा इस वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर की जाएगी। इस पुरस्कार का उद्देश्य बच्चों की ऊर्जा, संकल्प, क्षमता और उत्साह को सम्मानित करना है।

....

राजस्थान लोक सेवा आयोग–आरपीएससी ने परीक्षाओं में जालसाजी और फोटो टेंपरिंग कर आवेदन करने वाले व्यक्तियों पर लगाम के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। अब वन टाइम रजिस्ट्रेशन के दौरान अभ्यर्थी को वेब केम के माध्यम से लाइव फोटो भी कैप्चर करनी होगी। जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व में रजिस्ट्रेशन में लाइव फोटो कैप्चर करवा रखी है, वे अभ्यर्थी भी पूर्व की फोटो अस्पष्ट होने की स्थिति में ओटीआर में लाइव फोटो कैप्चर करवा सकते हैं। उनके लिए ये अवसर एक बार ही उपलब्ध होगा। आयोग की इस कार्यवाही से डमी अभ्यर्थियों पर लगाम के साथ ही आवेदन के दौरान गलत फोटो अपलोड होने का बहाना देने वाले अभ्यर्थियों की भी प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित हो सकेगी।

....

जैसलमेर में बॉर्डर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए तनोट बॉर्डर पर वाघा बॉर्डर की ही तरह विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर विशेष कार्ययोजना बनाई गई है। बीएसएफ के डीआईजी योगेन्द्र सिंह ने बताया कि अब तनोट सीमा पर भी रिट्रीट सेरेमनी होगी। इसके लिए एम्फीथियेटर बनाया जा रहा है।

....

आज अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस है। इसका आयोजन प्रत्येक व्यक्ति, समुदाय और समाज के लिए साक्षरता के महत्व की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए किया जाता है। इस वर्ष का विषय है–बहुभाषी शिक्षा संवर्धन : आपसी समझ और शांति के लिए साक्षरता। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की पूर्व संध्या पर विद्यालय शिक्षा और साक्षरता विभाग की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में देश–विदेश के विशेषज्ञों ने मौजूदा दौर में साक्षरता के विभिन्न आयामों पर चर्चा की।

....

पैरालंपिक खेलों के दसवें दिन भारत ने दो और पदक जीते। पुरुषों की भालाफेंक स्पर्धा में नवदीप सिंह ने स्वर्ण जीता। महिलाओं की दो सौ मीटर ट्रैक स्पर्धा में सिमरन शर्मा ने कांस्य जीता। पैरालंपिक खेलों की तालिका में भारत 29 पदक जीतकर 16वें स्थान पर पहुंच गया है। इनमें 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य पदक शामिल हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस पैरालंपिक पदक विजेताओं को बधाई दी है।

....